अनुस्मारक

महत्वपूर्ण/प्राथमिकता

संख्या-36/2025/996834/60-1099/296/2024

प्रेषक,

लीना जौहरी,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

महिला कल्याण अनुभाग-1 लखनऊ :दिनांक: 17 जून, 2025

विषय- महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में बच्चों एवं महिलाओं की देखरेख हेतु संचालित समस्त गृहों को अतिरिक्त समर्थन प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-39/2024/774951/60-1099/296/2024, दिनांक 21.10.2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- अवगत कराना है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में बच्चों एवं महिलाओं की देखरेख हेतु विभिन्न प्रकार के गृहों यथा दत्तक ग्रहण इकाई, शिशु गृह, बाल गृह, संप्रेक्षण गृह, विशेष गृह, प्लेस ऑफ सेफ्टी, आफ्टरकेयर संस्थायें, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु बाल गृह, महिला शरणालय, महिला वृद्ध आश्रम, मानसिक मंदित महिलाओं हेतु गृह आदि का संचालन किया जा रहा है। इन गृहों में आवासित बच्चों एवं महिलाओं के भरण पोषण, सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा, कौशल विकास के साथ सर्वांगीण विकास हेतु महिला कल्याण विभाग द्वारा समस्त व्यवस्थांए सुनिश्चित की जाती है।

3- उपरोक्त क्रम में अवगत कराना है कि विभाग द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं के सुगम संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही में निम्नानुसार संस्थाओं को धनराशि उपलब्ध करायी गयी हैः-

क्र.सं.	मद	बाल देखरेख संस्थाओं को प्रेषित धनराशि
1	भोजन मद में	4.57 करोड़
2	सामग्री एवं सम्पूर्ति एवं अन्य व्यय के मद में	4.69 करोड़
3	आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु	1.41 करोड़

दृष्टव्य है कि बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित संवासियों (Inmates) हेतु भोजन मद में रू0 4000 प्रति संवासी प्रति माह की दर से तथा अन्य आवश्यकताओं यथा वस्त्र, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि हेतु रू0 3000/- प्रति संवासी प्रति माह की दर से उपलब्ध कराया जाता है। इसी प्रकार राजकीय महिला गृहों में आवासित संवासियों (Inmates) हेतु भोजन मद में रू0 4700/- प्रति संवासी प्रति माह की दर से तथा अन्य आवश्यकताओं यथा पर्सनल हाइजीन आदि हेतु रू0 800/- प्रति संवासी प्रति माह की दर से उपलब्ध कराया जाता है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- विभाग द्वारा बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु कुल 561 बच्चों का प्रवेश विभिन्न प्रतिष्ठित राजकीय/निजी विद्यालयों यथा डी0पी0एस0, रेयान इण्टरनेशनल, स्टडी हॉल, वरदान इण्टरनेशनल आदि में कराया गया है। जनपद मुरादाबाद, प्रयागराज आदि में संचालित राजकीय सम्प्रेक्षण गृहों में एन0आई0ओ0एस0 के केन्द्र स्थापित किये गये है। उक्त के अतिरिक्त आवासित समस्त बच्चों का चिकित्सीय स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए मेडिकल प्रोफाइल को अद्यतन किया गया है।

5- इसी प्रकार लघु निर्माण मद में वित्तीय वर्ष 2025-26 के माह मई, 2025 में जनपद प्रयागराज में रू0 92.80 लाख, जनपद हरदोई में रू0 15.63 लाख, जनपद गाजीपुर में रू0 92.65 लाख, जनपद मेरठ में रू0 18.42 लाख, जनपद मऊ में रू0 04.27 लाख, जनपद इटावा में रू0 85.43 लाख की धनराशि संबंधित जनपद में जिलाधिकारी के निर्वतन पर कार्यदायी संस्था से कार्य कराये जाने हेतु उपलब्ध करायी गयी है।

6- उक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं की संख्या आमतौर पर अधिक होने के कारण ऐसे बच्चों/महिलाओं हेतु संचालित गृहों को अतिरिक्त निगरानी एवं सहयोग की आवश्यकता होती है। अत: उक्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर यथावश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित हैः-

(क) **<u>भावनात्मक सहयोगः</u>** गृहों में कार्यरत कार्मिक अपने दैनिक कार्यविधियों में बच्चों व महिलाओं की भावनात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु सम्पूर्ण प्रयास करते हैं तथापि उक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में समेकित होने हेतु अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता होती है। उक्त के दृष्टिगत जनपदीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियमित पर्यवेक्षण किया जाय तथा इन गृहों में अपने परिवार के सदस्यों को भी सहयोग /समर्थन प्रदान किये जाने हेतु प्रेरित किया जाय। जनपद में कार्यरत समस्त अधिकारी अपने जनपद के कम से कम एक गृह को गोद लें सकते हैं। प्रशासनिक अधिकारी स्वयं अथवा अपने परिवार के साथ विभिन्न त्योहारों यथा होली, दिवाली, ईद, लोहड़ी, क्रिसमस तथा अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिवसों जैसे-जन्मदिवस, विवाह समारोह, सालगिरह आदि को बाल गृहों में आवासित बच्चों के साथ मनायें, जिससे बच्चों को अपनेपन का एहसास होगा।

(ख) **<u>शैक्षिक एवं कौशल विकास गतिविधियों में सहयोगः</u>** गृहों में आवासित बच्चे वर्तमान में औपचारिक शिक्षा हेतु विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। प्रशासनिक अधिकारी तथा उनके परिवारजन स्वेच्छा से इन गतिविधियों में जुड़ सकते हैं तथा अपने सेवानिवृत साथियों, मित्रों व आस-पड़ोस के लोगों को भी बच्चों को विद्यालय के बाद उनकी पढ़ाई में सहयोग/ट्यूशन आदि में समर्थन देने हेतु प्रेरित कर सकते हैं। ट्यूशन के अतिरिक्त उनके साथ विशेष गतिविधियां यथा स्टोरी टेलिंग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, पेंटिंग, खेलकूद सहित जीवन कौशल की विभिन्न गतिविधियां की जा सकती है। बच्चों की फीस, स्टेशनरी, बैग, स्कूल वैन/बस तथा टयूशन् आदि हेतु समर्थन /सहयोग किया जा सकता है।

(ग) **<u>भरण-पोषण व अन्य सामग्री में सहयोगः</u>** उपरोक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विभाग द्वारा समस्त सामग्रियां उपलब्ध करायी जाती हैं । उक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं की संख्या आमतौर पर अधिक होने के कारण आप उपयोग योग्य कपड़े, रजाई, कंबल, टायलेटरीज़, बर्तन, किताबों सहित शिक्षण सामग्री, अलमारियां, कूलर, ए0सी0, पंखें, खान-पान सामग्री, खेल-कूद सामग्री आदि का सहयोग कर सकते हैं।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(घ) **चिकित्सीय देखरेख:** प्रत्येक माह संस्था में आवासित समस्त बच्चों की मेडिकल प्रोफाइल अद्यतन किये जाने तथा संस्था में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु उच्च स्तर से दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं, जिसका अनुपालन कराते हुए संस्था के निकटवर्ती राजकीय चिकित्सालय/CHC/PHC से संस्था को सम्बद्ध किया जाए तथा विशिष्ट चिकित्सीय आवश्यकताओं को स्पॉन्सर करने में सहयोग प्रदान किया जाए।

(ङ) **मेन्टरशिप सहयोगः** उक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं की विभिन्न आवश्यकताओं यथा शौक्षणिक /कौशल विकास की पूर्ति हेतु विभिन्न चैरेटिबिल संस्थाओं यथा रोटरी क्लब, लायन्स क्लब, आकांक्षा समिति एवं अन्य प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं आदि का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। संस्था में आवासित कुशाग्र बच्चों/महिलाओं के सर्वांगीण विकास व बेहतर आजीविका के साधन उपलब्ध कराये जाने हेतु विश्वविद्यालयों/तकनीकी संस्थाओं /चैरेटिबिल संस्थाओं या स्वयं को मेन्टर के रूप में जोड़ सकते हैं। उक्त मेन्टरों द्वारा उन्हें मनोसामाजिक समर्थन तथा शैक्षणिक /कौशल विकास सम्बन्धी गतिविधियों में सहयोग प्रदान किया जाय।

7 - उक्त के क्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं एवं महिला शरणालयों/संरक्षण गृहों की सूची संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में संचालित विभिन्न गृहों को सशक्त करने के उद्देश्य से आपके द्वारा किये जाने वाले निरीक्षणों में लघु निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं कार्यदायी संस्था को स्थानान्तरित धनराशि तथा व्यय की गयी धनराशि की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए संस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु लघु निर्माण में नवीन प्रस्ताव उपलब्ध कराने तथा समयबद्ध निरीक्षण कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त

भवदीया,

(लीना जौहरी)
प्रमुख सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0।
2- समस्त मंडलीय उप निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0।
3- समस्त जिला प्रोबेशन अधिकारी, उ0प्र0।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुधा वर्मा),
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय बाल देखरेख संस्थाओं तथा महिला शरणालयों/संरक्षण गृहों की सूची।

क0सं0	जनपद का नाम	संस्था/गृहों का नाम एवं पता
1	2	3
1	आगरा	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), सिरौली, जगनेर रोड, आगरा।
		राजकीय बाल गृह (शिशु), दीक्षित काम्प्लेक्स, अभयपुरा मोड़, जगनेर रोड, आगरा।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण जगनेर रोड आगरा।
		राजकीय संरक्षण गृह, कालिन्दी विहार, आगरा।
2	मथुरा	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), नलवा पथ, सिविल लाईन्स, पुराना आर0टी0ओ0 आफिस, मथुरा।
		राजकीय बाल गृह (शिशु) , नलवा पथ, सिविल लाइन्स, पुराना आर0टी0ओ0 आफिस, मथुरा।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, सिविल लाइन्स, मथुरा।
		राजकीय महिला शरणालय, किला स्वामी घाट के पास, मथुरा।
3	ललितपुर	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), नेहरू नगर, ललितपुर।
		राजकीय बाल गृह (बालक), दैलवारा, ललितपुर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, दैलवारा, ललितपुर। (नवीन संचालित)
4	लखनऊ	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), मोहान रोड, लखनऊ।
		राजकीय बाल गृह (बालक), मोहान रोड, लखनऊ।
		राजकीय बाल गृह(बालिका) मोती, नगर,लखनऊ।

		राजकीय बाल गृह (शिशु) , 3–प्राग नारायन रोड, लखनऊ।
		राजकीय महिला शरणालय, प्राग नारायन रोड, लखनऊ।
		राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन, (किशोर) चन्देल भवन चेतन पुरवा कुर्सी रोड, बसहा, लखनऊ।
		राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन, (महिला) मोती नगर, लखनऊ।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 3, प्राग नारायण रोड, लखनऊ।
5	हरदोई	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), रद्देपुरवा रोड,हरदोई।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, लोक निर्माण विभाग कार्यालय के पीछे, आज़ाद नगर, हरदोई। (नवीन संचालित)
6	बरेली	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), किला बरेली इग्लिशगंज, निकट तिलक इण्टर कालेज, बरेली।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 300 शैया वाला चिकित्सालय परिसर खुर्रम गौटिया रोड बरेली। (नवीन संचालित)
		राजकीय महिला शरणालय, माडल टाउन चौकी के सामने, हजियापुर बरेली।
		मानसिक रूप से अविकसित महिलाओं के लिए सम्बद्ध प्रकोष्ठ, माडल टाउन चौकी के सामने, हजियापुर बरेली।
7	मेरठ	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), निकट जिला कारागार अब्दुल्लापुर, मेरठ।
		राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन (महिला) बाउण्ड्री रोड, लालकुर्ती, मेरठ।
		राजकीय बाल गृह (बालक), सूरज कुण्ड, बाल्मीकी नाला, मेरठ।
		राजकीय बाल गृह (शिशु), सूरज कुण्ड, बाल्मीकी नाला, मेरठ।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, सूरज कुंड, मेरठ। (नवीन संचालित)
		राजकीय महिला शरणालय, 72 बाउंड्री रोड लालकुर्ती मेरठ।

8	मुजफ्फरनगर	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला चिकित्सालय परिसर मुजफ्फरनगर। (नवीन संचालित)
9	मुरादाबाद	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), आदर्श कालोनी, समाज कल्याण परिसर, मुरादाबाद।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, गांगन दिल्ली रोड राधा कृष्ण मंदिर, के पीछे मुरादाबाद। (नवीन संचालित)
		राजकीय महिला शरणालय, लाकरी फाजलपुर, दिल्ली रोड, मुरादाबाद।
10	वाराणसी	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), रामनगर, वाराणसी।
		राजकीय बाल गृह (बालक), रामनगर , वाराणसी।
		राजकीय बाल गृह (बालिका), साहित्यनाका, रामनगर, वाराणसी।
		राजकीय बाल गृह (शिशु), साहित्यनाका, रामनगर, वाराणसी।
		राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन (महिला) जैतपुरा, वाराणसी।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, दुर्गाकुंड वाराणसी। (नवीन संचालित)
11	गोरखपुर	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), एकल श्रमजीवी महिला छात्रावास, सुर विहार सूरजकुंड, गोरखनाथ, गोरखपुर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज गोरखपुर। (नवीन संचालित)
		राजकीय महिला शरणालय, येतिया हाता, गोरखपुर।
12	मऊ	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) जी0एस0टी0 कार्यालय के बगल, पुलिस लाईन, फरदहा रोड, मऊ।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, ब्लॉक कैम्पस परदहा, मऊ। (नवीन संचालित)

13	बस्ती	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), पचटेडिया रोड, गधा खुर, बस्ती।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, रानी वीरांगना तलासी कुवारी महिला अस्पताल, बस्ती।
14	प्रयागराज	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), खुल्दाबाद, प्रयागराज ।
		राजकीय बाल गृह(बालिका), खुल्दाबाद, प्रयागराज ।
		राजकीय बाल गृह (शिशु), खुल्दाबाद, प्रयागराज ।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण। खुल्दाबाद,प्रयागराज
		राजकीय महिला शरणालय, खुल्दाबाद, प्रयागराज।
15	इटावा	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), सराय एसर कचौरा रोड बडपुरा, इटावा।
		राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), दीप टाकीज के पास, मो0 आनन्द नगर इटावा।
		राजकीय विशेष गृह, दीप टाकीज के पास, मो0 आनन्द नगर इटावा।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, वात्सल्य सदन, सराय ईसार, कचौरा रोड, इटावा। (नवीन संचालित)
16	फर्रूखाबाद	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), जरवा याकूतगंज, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, फर्रूखाबाद। (नवीन संचालित)
17	अयोध्या	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), विकास प्राधिकरण भवन, लायड गेट, चौक, फैजाबाद।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग भीखापुर अयोध्या। (नवीन संचालित)
		राजकीय महिला शरणालय, भीखापुर, अयोध्या।
18	गोण्डा	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), राधाकुण्ड, गोण्डा।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला चिकित्सालय, परिसर, गोण्डा। (नवीन संचालित)

19	चित्रकूट	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), कसहाई रोड गल्ला मण्डी गेट के सामने, श्री शिवफूल सिंह का मकान, चित्रकूट।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, कलेक्ट्री रोड पासी तिराहा सीएचएल चित्रकूट। (नवीन संचालित)
20	मीरजापुर	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), ताडकनाथ जैसवाल का भवन, मोर्चाघर, सिविल लाइन, मीरजापुर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, टी.वी हॉस्पिटल के वगल में, मिर्ज़ापुर।(नवीन संचालित)
21	बुलन्दशहर	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), ट्रांजिस हास्टल, नये बस स्टैण्ड के पास, बुलन्दशहर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, पुराना महिला चिकित्सालय, बुलन्दशहर। (नवीन संचालित)
22	गाजीपुर	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), गौरा बाजार, गाजीपुर।
		रा0 प्लेस आफॅ सेफ्टी, गौरा बाजार, गाजीपुर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, गौरा बाज़ार, ग़ाज़ीपुर। (नवीन संचालित)
23	शाहजहांपुर	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), पिपरौला, शहजहांपुर।
		राजकीय बाल गृह (बालक), नवादा इन्देपुर, मुमुच्च आश्रम, एस0एस0 कालेज के सामने, शाहजहांपुर ।
		राजकीय बाल गृह (शिशु), नवादा इन्देपुर, मुमुच्च आश्रम, एस0एस0 कालेज के सामने, शाहजहांपुर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, नवादा इंदेपुर,शाहजहांपुर । (नवीन संचालित)
24	रायबरेली	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), रायबरेली
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, इंद्रा गार्डन के पास, महानंदपुर, रायबरेली। (नवीन संचालित)

25	बाराबंकी	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी), बेलहरा हाउस, देवा रोड,बाराबंकी।
		राजकीय विशेष गृह (किशोरी), बेलहरा हाउस, देवा रोड,बाराबंकी।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, उज्जवल नगर विकास भवन रोड, बाराबंकी। (नवीन संचालित)
26	गौतमबुद्धनगर	राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी), मातृ एवं बाल सदन, भूखण्ड संख्या बी–11 सेक्टर 62, नोएडा।
		राजकीय बाल गृह(बालिका) मातृ एवं बाल सदन, भूखण्ड संख्या बी–11 सेक्टर 62, नोएडा ।
		राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), प्रथम तल पुराना सिविल कोर्ट, फैस–2, नोएडा गौतमबुद्ध नगर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, बी–11, डी पार्क के पास, सेक्टर–62, नोएडा, जीबी नगर ।(नवीन संचालित)
27	देवरिया	राजकीय बाल गृह (बालक), एच.डी.एफ.सी. बैंक के पास, चुडिहारी गली, देवरिया।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कॉलेज के पास, देवरिया। (नवीन संचालित)
28	कानपुर नगर	राजकीय बाल गृह (बालक), निकट उन्नयन बस्ती,कल्याणपुर, कानपुर नगर।
		राजकीय बाल गृह (बालिका), 7/202,स्वरूप नगर, कानपुर नगर।
		राजकीय बाल गृह (बालिका), सूर्य नगर, कानपुर नगर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, स्वरूप नगर, कानपुर नगर। (नवीन संचालित)
29	कानपुर देहात	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला अस्पताल परिसर अकबरपुर, कानपुर देहात । (नवीन संचालित)
30	फिरोजाबाद	राजकीय बाल गृह (बालक), बन्दना हायर सेकेण्डरी स्कूल वाला भवन 2/278, सुहागनगर ।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण,

		2/728 नं0–2, सुहाग नगर, फिरोजाबाद। (नवीन संचालित)
31	बलिया	राजकीय बाल गृह(बालिका), निधरिया, बलिया।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण निधरिया, बलिया। (नवीन संचालित)
32	रामपुर	राजकीय बाल गृह (शिशु), जुल्फिकार इण्टर कालेज, अंगूरी बाग, रामपुर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, अंगूरीबाग, रामपुर ।
33	सहारनपुर	राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन (महिला) फतेहपुर , सहारनपुर।
		राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, फतेहपुर, सहारनपुर। (नवीन संचालित)
34	अलीगढ	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला पंचायत परिसर, अनूपशहर रोड, अलीगढ पिन–202001 । (नवीन संचालित)
35	बागपत	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर, बागपत। (नवीन संचालित)
36	उन्नाव	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 180/3 बी सिविल लाइन (पीडब्लूडी कार्यालय के पीछे) उन्नाव। (नवीन संचालित)
37	अमेठी	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, मलिक मोहम्मद जायसी सयुक्त जिला चिकित्सालय, गौरीगंज, अमेठी। (नवीन संचालित)
38	कन्नौज	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, विनोद दीक्षित संयुक्त हॉस्पिटल, मकरंदनगर कन्नौज। (नवीन संचालित)
39	प्रतापगढ़	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, भुलियापुर दहिलामऊ, प्रतापगढ़। (नवीन संचालित)
40	जौनपुर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, क्रांजकला ब्लॉक परिसर, जौनपुर। (नवीन संचालित)
41	अमरोहा	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, संयुक्त चिकित्सालय, अमरोहा। (नवीन संचालित)

42	औरैया	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, महिला थाना ककोर मुख्यालय के पीछे, औरैया। (नवीन संचालित)
43	झाँसी	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, महारानी लक्ष्मीवाई मेडिकल कॉलेज गेट नं 3, झाँसी। (नवीन संचालित)
44	कासगंज	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर, ममनो कासगंज। (नवीन संचालित)
45	महराजगंज	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, वीएसए कार्यालय के सामने, मुखयालय महराजगंज। (नवीन संचालित)
46	सिद्धार्थ नगर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला अस्पताल परिसर, सिद्धार्थ नगर। (नवीन संचालित)
47	सोनभद्र	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला चिकसल्या, लोधी सोनभद्र। (नवीन संचालित)
48	वलरामपुर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर, वलरामपुर। (नवीन संचालित)
49	आजमगढ़	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, सिधारी, आजमगढ़। (नवीन संचालित)
50	शंभल	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, प्रथम तल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदौसी, शंभल । (नवीन संचालित)
51	भदोही	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, कलेक्टरेट केशवपुर सर्पथा ज्ञानपुर, भदोही। (नवीन संचालित)
52	सुल्तानपुर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला पंचायत परिसर, सुल्तानपुर । (नवीन संचालित)
53	चंदौली	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, डाक बंगला रोड, चंदौली। (नवीन संचालित)
54	फतेहपुर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, नवीन संचालित संस्कार पैलेस निकट तांवेश्वर चौराहा फ़तेहपुर। (नवीन संचालित)
55	अम्बेडकरनगर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला संयुक्त चिकित्सालय, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर। (नवीन संचालित)

56	बहराईच	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, मुहल्ला सलार गंज निकेत पानी टंकी, बहराईच। (नवीन संचालित)
57	गाजियाबाद	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला संयुक्त चिकित्सालय संजय नगर, गाजियाबाद। (नवीन संचालित)
58	पीलीभीत	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, गोदावरी स्टेट,पीलीभीत। (नवीन संचालित)
59	महोबा	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, चंद्रिका माता मंदिर जिला बाल संरक्षण इकाई भवन, छतरपुर रोड के पास, महोबा । (नवीन संचालित)
60	मैनपुरी	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 100 सैया जिला महिला चिकित्सालय, मैनपुरी । (नवीन संचालित)
61	कुशीनगर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, रविन्द नगर धुश कुशी नगर। (नवीन संचालित)
62	बांदा	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, अशोक लाट तिराहा, हिंदुस्तान पत्र सिविल लाइन के पास, कचेहरी, बांदा। (नवीन संचालित)
63	बिजनौर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला चिकित्सालय, बिजनौर। (नवीन संचालित)
64	श्रावस्ती	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, कलेक्टोरेट परिसर के पीछे, श्रावस्ती । (नवीन संचालित)
65	हाथरस	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, तहसील सदर परिसर, हाथरस। (नवीन संचालित)
66	बदायूँ	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला महिला चिकित्सालय, बदायूँ । (नवीन संचालित)
67	जालौन	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, कलेक्ट्रीएट कैम्पस उरई, जालौन । (नवीन संचालित)
68	हमीरपुर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला परिवीक्षा कार्यालय, अधिवक्ता भवन, कलक्ट्रेट, हमीरपुर । (नवीन संचालित)

69	संत कबीर नगर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, पीडब्लूडी कार्यालय के पास मेंहदावल रोड, खलीलाबाद, संत कबीर नगर। (नवीन संचालित)
70	कौशांबी	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर, मंझनपुर, कौशांबी। (नवीन संचालित)
71	सीतापुर	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला महिला चिकित्सालय, सीतापुर। (नवीन संचालित)
72	हापुड	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, डीसीपीयू मोदी नगर रोड के पास, हापुड । (नवीन संचालित)
73	लखीमपुर खीरी	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, लोहिया भवन पूर्व संचलित केन्द्रीय विद्यालय के पास, लखीमपुर खीरी । (नवीन संचालित)
74	एटा	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, शीतल पुर गांव विकास भवन के पास, अलीगंज रोड, एटा । (नवीन संचालित)
75	शामली	राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, ट्रांजिस्ट हॉस्टल बनत करोड़ी रोड, शामली । (नवीन संचालित)